सीवान जिलान्तर्गत जिला कृषि पदाधिकारी, सीवान के कार्यालय प्रांगण में एक कार्यकारी मानक प्रयोगशाला का निर्माण कार्य हेतु दिनांकः 11.10.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांकः 01.12.2018 को तकनीकी मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः

1. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना । अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना । सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना । सदस्य
4. **श्री रविकांत,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, सारण । सदस्य

कार्यवाहीः-

सीवान जिलान्तर्गत जिला कृषि पदाधिकारी, सीवान के कार्यालय प्रांगण में एक कार्यकारी मानक प्रयोगशाला का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-निविदा कागजात प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक जागरण" में दिनांक 15.09.2018 को पटना संस्करण में हुआ था, जिसका पी0आर0 सं0-8433 नि0नि0 2018-19 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹119.38 लाख मात्र एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹129.36 लाख मात्र है तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹1,20,89,503.00 मात्र है।

इस ई0-निविदा में दो निविदादाताओं ने भाग लिया है। दोनों निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, सारण द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता श्री कौशलेन्द्र कुमार सिंह, मोतिसदन, आजाद नगर, रोड नं0-01, कंकड़बाग, पटना-20 हैं। इनका निबंधन संख्या- द्वितीय (व्यक्तिगत)-30(भवन)/2016, जिसकी वैद्यता दिनांक: 01.02.2021 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-4232, जिसकी वैद्यता दिनांक: 31.12.2019 तक है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा सभी पाँच आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है। अतएव, इन्हें रेस्पाँसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 70 (सत्तर) अंक प्राप्त हुए, जो अहर्त्ता के लिए निर्धारित न्यूनतम् 50 अंक से अधिक है। अतः समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता मे0 साई किशन इन्टरप्राइजेज, आर्दश कॉलोनी, कुरथौल, पटना हैं। इनका निबंधन संख्या- द्वितीय (प्रो0+फर्म)-69(भवन)/2018, जिसकी वैद्यता दिनांक: 09.08.2023 तक है एवं विद्युत निबंधन सं0-9407, जिसकी वैद्यता दिनांक: 06.08.2019 तक है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया

गया कि इनके द्वारा सभी पाँच आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है। अतएव, इन्हें रेस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 86 (छियासी) अंक प्राप्त हुए, जो अहर्त्ता के लिए निर्धारित न्यूतनम् 50 अंक से अधिक है। अत: समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि उक्त निर्णय को निगम के बेवसाईट पर दिनांक: 08.12.2018 के 04:00 बजे अपराह्न तक आपत्ति हेतु रखी जाय। आपत्ति नहीं प्राप्त होने पर वित्तीय बीड खोलकर निविदा का निष्पादन किया जाय।

(रविकांत)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राकेश कुमार)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (उत्तर),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, सारण	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।